This Question Paper contains 4 Printed Pages.]

**09H(A)**

# HINDI

*(Second language)*

**Parts A and B**

*Time : 2 hours 45 min.]* *[Maximum Marks : 80*

## Part - A

*Time : 2 hours* *Marks : 60*

सूचना :

1. प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय निर्धारित है।
2. **Part - A** के लिए 2 घण्टे का समय निर्धारित है।
3. **Part - A** के प्रश्नों के उत्तर, उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।

**I.** प्रत्येक प्रश्न का उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए। प्रत्येक उपभाग (1, 2, 3, 4) के लिए पाँच अंक निर्धारित हैं।

**1.** निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए। **5×1=5**

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में देश को एकता के सूत्र में बाँधने के लिए एक भाषा की आवश्यकता हुई। यह काम हिंदी से ही साध्य हो सका। आज हमें एक से अधिक भाषाएँ सीखना जरूरी है। जिनमें हिंदी और अंग्रेजी का स्थान महत्वपूर्ण है। हिंदी से हम सारे भारत की पहचान अच्छी तरह से कर सकते हैं।

प्रश्न :

(1) देश को एकता के सूत्र में बाँधने के लिए किसकी आवश्यकता है?

(2) आज हमें कितनी भाषाएँ सीखना जरूरी है?

(3) सारे भारत की पहचान किससे कर सकते हैं?

(4) 'महत्वपूर्ण' शब्द का विलोम शब्द क्या है?

(5) यह गद्यांश किस पाठ से लिया गया है?

P.T.O.

2. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए। **5×1=5**

हमारे देश की उत्तरी सीमा पर हिमालय पर्वत है। ये बहुत सुंदर हैं। हमेशा हिम से ढके रहने के कारण इन्हें हिमालय कहते हैं। हिमालय की पर्वत मालाएँ भारतीयों के लिए पवित्र हैं। ये भारतीय संस्कृति और जीवन से जुड़े हुए हैं। गंगा, यमुना, ब्रह्मपुत्रा, आदि जीव नदियाँ इन्हीं से जन्म लेती हैं। विश्व में सब से ऊँचा शिखर 'एवरेस्ट' हिमालय में ही है।

**प्रश्न :**

(1) हिमालय पर्वत भारत की किस सीमा पर हैं?

(A) पूर्वी (B) पश्चिमी
(C) उत्तरी (D) दक्षिणी

(2) हिमालय किससे ढ़के रहते हैं?

(A) पानी (B) हिम
(C) पत्थर (D) मेघ

(3) हिमालय पर्वत मालाएँ किनके लिए पवित्र हैं?

(A) भारतीयों (B) चीनियों
(C) अफ्रिकियों (D) तिब्बतियों

(4) विश्व में सबसे ऊँचा शिखर क्या है?

(A) विंध्या (B) हिमालय
(C) एवरेस्ट (D) अरावली

(5) 'हिमालय' शब्द का संधि विच्छेद कीजिए।

(A) हिम् + आलय (B) हिमा + अलय
(C) हिमी + आलय (D) हिमा + लय

3. निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर **एक** वाक्य में लिखिए। **5×1=5**

जिसने श्रम-जल दिया उसे
पीछे मत रह जाने दो,
विजीत प्रकृति से पहले
उसको सुख पाने दो।
जो कुछ न्यस्त प्रकृति में है,
वह मनुज मात्र का धन है,
धर्मराज! उसके कण-कण का
अधिकारी जन-जन है।

प्रश्न :

(1) हमें किसे पीछे नहीं छोड़ना चाहिए?

(2) प्रकृति से पहले किसे सुख पाने का अधिकार है?

(3) कण-कण का अधिकारी कौन है?

(4) 'अधिकारी' शब्द में प्रत्यय क्या है?

(5) इस पद्यांश के कवि कौन हैं?

4. निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए। **5×1=5**

आया वसंत आया वसंत
छाई जग में शोभा अनंत।
सरसों खेतों में उठी फूल,
बौरें आमों में उठी झूल
बेलों में फूले नये फूल।
पल में पतझड़ का हुआ अंत
आया वसंत आया वसंत।

प्रश्न :

(1) कौन-सी ऋतु आयी है?

(A) सावन (B) वर्षा
(C) वसंत (D) गर्मी

(2) वसंत आने से किसकी शोभा बढ़ गयी है?

(A) जग की (B) आकाश की
(C) सागर की (D) नदी की

(3) आमों में क्या झूल उठी है?

(A) खुशबू (B) बौरें
(C) फल (D) फूल

(4) बेलों में क्या फूले हैं?

(A) फल (B) फूल
(C) पत्ते (D) डालियाँ

(5) पल में किसका अन्त हुआ है?

(A) गर्मी (B) सर्दी
(C) पतझड़ (D) शिशिर

**II.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **दो या तीन वाक्यों** में लिखिए। **6×3=18**

5. कृष्णोपासक कवयित्री मीराबाई के बारे में आप क्या जानते हैं?
6. वर्षा के समय प्रकृति की सुंदरता बढ़ती है। कैसे?
7. ईद के दिन हामिद बहुत खुश था। क्यों?
8. बाबा गंगादास ने लक्ष्मीबाई से क्या कहा था?
9. "प्रार्थना करने वाले होठों से कहीं अच्छे सहायता करनेवाले हाथ हैं।" - पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए।
10. अरूणा की ममता पर अपने विचार बताइए।

**III.** ***किसी एक*** प्रश्न का उत्तर **छः या आठ** पंक्तियों में लिखिए। **1×6=6**

11. "भारत की संस्कृति सारे विश्व को लुभाती है।" -- इस कथन को 'हम भारतवासी' पाठ के द्वारा स्पष्ट कीजिए।
12. नैतिक गुणों के विकास में बिहारी के दोहे कैसे सहायक हैं? बिहारी के दोहों के द्वारा स्पष्ट कीजिए।

**IV.** ***किसी एक*** प्रश्न का उत्तर **छः** या आठ पंक्तियों में लिखिए। **1×6=6**

13. अग्निपुत्री टेसी थामस के जीवन से बच्चों को किस प्रकार की प्रेरणा मिलती है? स्पष्ट कीजिए।
14. ग्रामीण जनता के गीतों का वर्णन लोकगीत पाठ में कैसे प्रस्तुत किया गया है?

**V.** ***किसी एक*** प्रश्न का उत्तर लिखिए। **1×5=5**

15. किसी एक ऐतिहासिक यात्रा का वर्णन करते हुए मित्र के नाम पत्र लिखिए।
16. आपके नगर में सफाई सुचारू रूप से नहीं हो रहा है। बीमारियाँ फैलने की आशंका है। इस कारण को बताते हुए स्वास्थ्य अधिकारी को शिकायती पत्र लिखिए।

**VI.** ***किसी एक*** विषय पर *निबंध* लिखिए। **1×5=5**

17. मानव सभ्यता के विकास में 'कंप्यूटर' की उपयोगिता पर एक निबंध लिखिए।
18. "खेलों से शरीर स्वस्थ रहता है।" खेलों के महत्व पर निबंध लिखिए।

---

This Question Paper contains 4 Printed Pages.]

**09H(B)**

# HINDI

*(Second language)*

**Parts A and B**

***Time : 2 hours 45 min.]*** ***[Maximum Marks : 80***

सूचना : **Part - B** में ही उत्तर लिखने के पश्चात् उसे **Part - A** की उत्तर-पुस्तिका के साथ बाँध दें।

## Part - B

***Time : 30 minutes*** ***Marks : 20***

*सूचना :*

1. **Part - B** के प्रश्नों के उत्तर, प्रश्न-पत्र में ही लिखिए।
2. **Part - B** के लिए आधा (½) घण्टे का समय निर्धारित है।

*विशेष सूचना :*

1. सभी प्रश्नों के लिए समान अंक निर्धारित हैं।
2. प्रश्नों के उत्तर सामने दिये गये कोष्ठक में लिखिए।
3. काटे हुए या बदले हुए उत्तरों को अंक नहीं दिये जायेंगे।

**1.** कलाम पूरी दुनिया के आदर्श थे। [ ]

*रेखांकित शब्द का अर्थ पहचानकर लिखिए।*

(A) भूमि (B) संसार

(C) नगर (D) आकाश

**2.** आज चित्रा को जाना है। [ ]

*रेखांकित शब्द का विलोम शब्द पहचानकर लिखिए।*

(A) आना (B) पाना

(C) देना (D) खोना

3. सागर में अनमोल रतन है। [ ]

*रेखांकित शब्द का तत्सम रूप पहचानकर लिखिए।*

(A) सोना (B) रत्न

(C) चाँदी (D) पत्थर

4. आसमान में अनगिनत तारें है। [ ]

*रेखांकित शब्द में उपसर्ग पहचानिए।*

(A) अन् (B) अनगि

(C) अ (D) गिनत

5. बच्चों को ईमानदारी और सच्चाई का पाठ पढ़ाना चाहिए। [ ]

*रेखांकित शब्द में प्रत्यय पहचानिए।*

(A) चाई (B) आई

(C) सच्चा (D) ई

6. गंगा पवित्र नदी है। [ ]

*रेखांकित शब्द का संधि विच्छेद कीजिए।*

(A) पो + इत्र (B) प + इत्र

(C) पे + इत्र (D) प + वित्र

7. किसान सुबह-शाम मेहनत करते हैं। [ ]

*रेखांकित शब्द का समास पहचानिए।*

(A) द्विगु (B) द्वंद्व

(C) तत्पुरुष (D) बहुव्रीही

8. '2020' को हिंदी अक्षरों में पहचानिए। [ ]

(A) दो हजार दो (B) दो हजार दस

(C) दो हजार बीस (D) दो हजार तेईस

9. हिंदी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शोभित है। [ ]

*वाक्य में संज्ञा शब्द पहचानिए।*

(A) अंतर्राष्ट्रीय (B) हिंदी

(C) स्तर (D) शोभित

**10.** हम लोग दूर के एक ग्रह के वासी है। [ ]

*वाक्य में सर्वनाम शब्द पहचानिए।*

(A) हम (B) लोग

(C) दूर (D) ग्रह

**11.** वह बाजार से मोटी किताब लाया है। [ ]

*वाक्य में विशेषण शब्द पहचानिए।*

(A) किताब (B) वह

(C) मोटी (D) बाजार

**12.** बच्चे मैदान में खेलते हैं। [ ]

*वाक्य में क्रिया शब्द पहचानिए।*

(A) खेलते (B) बच्चे

(C) मैदान (D) में

**13.** वर्षा ऋतु में बारिश जोर-से बरसती है। [ ]

*वाक्य में क्रिया विशेषण शब्द पहचानिए।*

(A) वर्षा (B) में

(C) जोर-से (D) बरसती

**14.** आदमी काम करता है। [ ]

*स्त्रीलिंग रूपी वाक्य पहचानिए।*

(A) औरत काम करती है।

(B) औरतें काम करती हैं।

(C) औरतों काम करती हैं।

(D) औरतनी काम करती हैं।

**15.** वह कहानी सुनता है। [ ]

*इस वाक्य का बहुवचन रूपी वाक्य पहचानिए।*

(A) वे कहानियाँ सुनता हैं।

(B) वे कहानियाँ सुनते हैं।

(C) वह कहानियाँ सुनाता है।

(D) वे कहानी सुनता है।

16. गोदावरी -------- टापू प्रसिद्ध है। [ ]

*उचित कारक चिह्न पहचानिए।*

(A) के (B) का

(C) से (D) की

17. शुद्ध रूप पहचानिए। [ ]

(A) तुम तुम्हारा नाम बताओ।

(B) तुम अपना नाम बताओ।

(C) तुम तुम्हारा नाम बोलो।

(D) तुम आपका नाम बताओ।

18. सही क्रमवाला वाक्य पहचानिए। [ ]

(A) हमारी सेना में अनुशासन नहीं है।

(B) नहीं है अनुशासन सेना में हमारी।

(C) सेना में नहीं है हमारी अनुशासन।

(D) है अनुशासन नहीं सेना में हमारी।

19. स्त्रियाँ ढोलक की मदद से गाती है। [ ]

*काल पहचानिए।*

(A) भूतकाल (B) वर्तमान काल

(C) पूर्ण भूतकाल (D) भविष्यत् काल

20. अमीना का दिल कचोट रहा है। [ ]

*रेखांकित मुहावरे का अर्थ पहचानिए।*

(A) दुःखी होना (B) खुश होना

(C) भाग जाना (D) चोट लगाना